श्री मुहूर्त

महत्त्वपूर्ण घटनाओं हेतु शुभ तिथि एवं समय का चयन करें



जियोविजन साफ्टवेयर इंकारपोरेशन

पोस्ट बाक्स नंबर २१५२

फेयरफील्ड आइओवा ५२५५६

यू०एस०ए०

फोन - ६४१-४७२-०८५५

फैक्स - ६४१-४६९-६८४७

ई-मेल - sales@parashara.com

वेब - www.parashara.com

श्री मुहूर्त : विषय सूची

प्रथम अध्याय : अभिषिक्त करना ---------- ४

आवश्यक्ताएं ---------- ४

अभिषिक्त करना ---------- ४

द्वितीय अध्याय : परिचय ---------- ६

मुहूर्त क्या है ---------- ६

मुहूर्त निकालने हेतु उपयुक्त गणना ---------- ७

शादी के लिए विशेष तत्व ---------- ७

विशेष यात्रा तथ्य ---------- ८

तृतीय अध्याय : श्री मुहूर्त के आधारभूत उपयोग ---------- ९

फाईल मीनू ---------- ९

औपशन्स मीनू ----------१०

हैल्प मीनू ---------- १२

चतुर्थ अध्याय : मुहूर्त का सृजन ---------- १३

१ जन्म तिथि को जोडना। ---------- १३

२ मुहूर्त की स्थिति ---------- १६

३ मुहूर्त चयन करना ---------- १७

४ तिथि की शुरुआत ---------- १८
५ अंतिम तिथि ---------- १९
६ समय व वार सम्बन्धी प्रतिरोध ---------- १९
७ मुहूर्त तलाश की शुरुआत ---------- २१
८ मुहूर्त की तलाश के बाद ---------- २१
पांचवाँ अध्याय : मुहूर्त में खोजे गए परिणामों की झलक ---------- २२
एडवांस्ड रिजल्ट्स स्क्रीन ---------- २९
ग्राफ्स स्क्रीन ---------- २९
छठा अध्याय : मुहूर्त का प्रिंट आऊट लेना ---------- ३२
अपेन्डिक्स १ : श्रेष्ठ मुहूर्त कैसे चुनें ---------- ३४
अपेन्डिक्स २ : मुहूर्तों की सूची ---------- ३७
कुछ विशेष तौर तरीके ---------- ४७
पारिभाषिक ---------- ४८

प्रथम अध्याय : अभिषिक्त करना (Installation)

आवश्यक्ताएं

केन्द्रीय संगणक इकाई	:	पैन्टियम प्रोसेसर
मैमोरी	:	16 एम बी रैम
हार्ड डिस्क	:	२ जी बी हार्ड डिस्क
सी डी ड्राइव	:	एक ३२ X सी डी ड्राइव
मोनीटर	:	कलर मोनीटर
आपरेटिंग सिस्टम	:	विन्डो ९५ या विन्डो ९८ या विन्डो एन टी

अभिषिक्त करना (Installation)

सी डी ड्राइव में सी डी डालिये।

1 अभिषिक्त प्रोग्राम स्वतः ही शुरु हो जायेगा। यदि ऐसा न हो तो मुहूर्त SMSetUp.exe चलाइये (या तो Run in the Start Menu के द्वारा या Windows Explorer या My Computer के द्वारा)।

2 अभिषिक्त प्रोग्राम शुरु हो जायेगा और Set Up Process में मार्गदर्शन करेगा।

4 यदि सोफ्टवेयर के साथ HaspKey है तो उसे कम्प्यूटर के पीछे लगे प्रिंटर पोर्ट में लगांए। यदि आपके कम्प्यूटर पर प्रिंटर लगा हुआ है तो HaspKey को प्रिंटर केबल व प्रिंटर पोर्ट के बीच लगाएँ। जैसे प्रिंटर पोर्ट < HaspKey < प्रिंटर केबल

5 HaspKey को क्रियान्वित करने के लिए स्टार्ट <प्रोग्राम <ज्योतिष <Install Hasp के द्वारा अभिषिक्त करें या HDD16.exe को CD के द्वारा अभिषिक्त कीजिए।

6 कम्प्यूटर को दोबारा शुरु कीजिए।

7 स्टार्ट <प्रोग्राम <ज्योतिष < श्री मुहूर्त को क्लिक कर कर आप साफ्टवेयर को शुरु कर सकते हैं।

8 एक विन्डो आपके स्क्रीन पर दिखेगी। आपसे आपका नाम एवं पासवर्ड माँगा जाएगा। यदि आपके सी डी कवर पर यह जानकारी नहीं दी गई हो तो कृपया अपने वितरक से यह जानकारी हासिल करें। पासवर्ड डालने के पश्चात स्वीकृत बटन पर क्लिक करें।



द्वितीय अध्याय : परिचय

मुहूर्त क्या है

दृढ़ वैज्ञानिक पद्धति के अनुसार ब्रह्माण्ड में समय व अनंत आकाश के अतिरिक्त समस्त वस्तुएं मर्यादा युक्त हैं। समय का न ही कोई प्रारंभ है न ही कोई अंत है। अन्य शब्दों में, हम ऐसा कोई भी विशेष क्षण चिन्हित कर यह नहीं कह सकते कि, समय अब अस्तित्व में आया या समय यहाँ से आरंभ होता है। इसी तरह हम यह भी नहीं कह सकते हैं कि, इस क्षण्ण के बाद समय का अस्तित्व समाप्त होता है या समय यहाँ रुक जाता है। अनंत आकाश की भी समय की तरह कोई मर्यादा नहीं है। इसका कहीं भी प्रारंभ या अंत नहीं होता। आधुनिक मानव ने इन दोनों तत्वों को हमेशा समझने का व अपने अनुसार इनमें भ्रमण्ण करने का प्रयास किया है, परन्तु उसे सफलता प्राप्त नहीं हुई है।

ये दोनों तत्व, असंख्य रुपों में अपना महातम्य मनुष्य पर जमाते हैं। वे मानव जीवन को बहुत ही अभिप्राय पूर्ण तरीके से प्रभावित करते हैं। प्राचीन संतों को इसका भली भांति बोध था। उन्होंने अपने मानसिक व आत्मीय सामर्थ्य, चित्त की एकाग्रता व केन्द्रित ध्यान से, पूर्ण्ण चैतन्य व अर्द्ध चैतन्य शक्ति व बल से एवं ईश्वरीय आनंद द्वारा इन तत्वों को समझा जो कि आधुनिक तकनीक से कोसों दूर हैं। उन्होंने देखा व जाना कैसे समय व अनंत नभ हमें प्रभावित करते हैं, कैसे नक्षत्र व ग्रहों का मेल हमारे जीवन को महत्त्वपूर्ण दिशा व परिवर्तन देता है।

उन्होंने सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह समझी कि मनुष्य आकाशीय पिंडों के सहयोग से कितने आश्चर्यजनक रुप से अपने जीवन क्रम को, एवं अपने भविष्य को, एक भव्य व सफल मोड़ दे सकता है। मुहूर्त वह सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण अवधारणा है जो उन्होंने खोजी।

मुहूर्त का अर्थ है किसी भी कार्य को करने के लिए सबसे शुभ समय व तिथि चयनित करना। कार्य पूर्णतः फलदायक हो इसके लिए समस्त ग्रहों व अन्य ज्योतिष तत्वों का तेज इस प्रकार केन्द्रित किया जाता है कि वे दुष्प्रभावों को विफल कर देते हैं। वे मनुष्य की जन्म कुण्डली की समस्त बाधाओं को हटाने में व दुर्योगों को दबाने में सहायक होते हैं।
मुहूर्त मानवी तेज, नक्षत्र एवं कार्य का ऐसा अनूठा संगम है कि वह कार्य करने वाले मनुष्य को पूर्णतः सफलता की ओर उन्मुख कर देता है।
इसलिए आप जब भी अपने जीवन का ऐसा महत्वपूर्ण कार्य करने जा रहे हों, जिसमें कि आपकी काफी समय व शक्ति प्रयोग में आएगी अथवा इस कार्य का आपके जीवन पर काफी समय तक

प्रभाव रहेगा तब यह कार्य शुभ मुहूर्त में ही किया जाना चाहिए। तभी यह कार्य फलदायक होगा व आप बेहतर, सुखमयी व संतुष्ट जीवन व्यतीत कर सकेंगे।

ज्योतिष विद्या में कार्य का प्रारंभ समय, कुण्ण्डली व उसकी व्याख्या की गणना करने में प्रयुक्त होता है। अतः प्रारंभ समय अति महत्वपूर्ण होता है। मनुष्य का भविष्य व जीवन की घटनाएँ इस बात पर निर्भर करती हैं कि उसका जन्म किस समय हुआ था। पर विडम्बना तो यह है कि मनुष्य का स्वयं के जन्म समय पर कोई नियंत्रण नहीं है। परन्तु जीवन यात्रा के अन्य क्रिया-कलापों पर उसका पूर्ण नियंत्रण है। वह कार्य करने का समय स्वयं सुनिश्चित कर सकता है। यही मुहूर्त की परिभाषा है। यदि कार्य प्रारंभ का समय शुभ है तो कार्यफल निश्चित रुप से फलदायक एवं इच्छित होगा।

स्मरण रहे : शुभ प्रारंभ यानि आधा कार्य स्वतः पूर्ण।

मुहूर्त निकालने हेतु उपयुक्त गणना

श्री मुहूर्त काफी सारे तथ्यों पर विचार करने के पश्चात ही मुहूर्त निकालता है।

- माह
- तिथि
- वार
- नक्षत्र
- योग
- करण
- ताराबल
- चन्द्रबल
- लग्न
- तिथि दिन-नक्षत्र के संयुक्त योग जैसे सर्वार्थ सिद्धि होगा।
- लग्न कितना बलशाली व शुभ है।
- लग्नाधिपति कितना बलशाली व शुभ है।
- महत्वपूर्ण (Significant) भाव कितने बलशाली व शुभ हैं।
- महत्वपूर्ण भावाधिपति कितने बलशाली व शुभ हैं।
- महत्वपूर्ण ग्रह कितने बलशाली व शुभ हैं।
- २ महा दोष।
- महादोषों का निराकरण।
- विशेष महादोष निराकरण योग।
- विशेष ग्रह स्थितियाँ व संयोग जो कि शादी यात्रा जैसे महत्वपूर्ण मुहूर्त के लिए शुभ व अशुभ कहलाते हों।

शादी के लिए विशेष तत्व

- लट्ट दोष

- पट्ट दोष
- युति
- वेध
- जैमित्र
- पंच श्लाक
- एकार्गल
- उपग्रह
- क्रांति साम्य
- दग्ध तिथि

विशेष यात्रा तथ्य

किसी विशेष दिशा में यात्रा हेतु मुहूर्त के लिए विभिन्न खगोल विधा के सिद्धांत हैं।

- तारा
- चन्द्राबद
- वार शूल
- चन्द्र निवास
- योगिनी निवास
- साम शुक्र

उपरोक्त के उपरांत ये ज्योतिषियों के निजी विश्वास पर निर्भर करता है कि वे एक विशेष मुहूर्त को शुभ या अशुभ कहते हैं। यद्यपि श्री मुहूर्त समस्त तथ्यों पर विचार कर श्रेष्ठ समय व तिथि निकालता है पर ये कभी सिद्ध नहीं कर सकता कि ज्योतिषियों का ज्ञान इससे श्रेष्ठ है या नहीं।

एक विशेष बात और है कि श्री मुहूर्त किसी भी कार्य का महत्व उसकी संपूर्णता में आंकता है। व्यक्ति विशेष इसे अन्य नजरिये से देख सकता है।

उदाहरणतः शादी के लिए निकले जाने वाले मुहूर्त में सामान्यतः प्रथम भावाधिपति तृतीय भाव में हो सकता है। यह एक अनुपयुक्त स्थिति नहीं मानी जाता है पर यदि विवाह धनार्जन के उद्देश्य से किया जाता है तो प्रथम भावाधिपति को द्वितीय या ग्यारहवें भाव में होना ज्यादा उपयुक्त माना जाता है।

श्री मुहूर्त प्रोग्राम आपको विभिन्न मुहूर्तों का मिलान कर स्वयं सही मुहूर्त चयन करने की सुविधा देता है। इस तरह आप अपने भाग्य के स्वयं निर्णायक हैं।

तृतीय अध्याय : श्री मुहूर्त के आधारभूत उपयोग

अब आपके कम्प्यूटर पर श्री मुहूर्त अभिषिक्त है। हम आपका परिचय इसके सभी आधारभूत उपयोगों से करा देते हैं।

फाईल मीनू (File Menu)



क) एड न्यू यूजर (Add New User)

किसी नए व्यक्ति की जानकारी प्रोग्राम को देने हेतु मीनू में जाकर (Add < New User) का चयन करें। जन्म संबंधी जानकारी वाली खाली स्क्रीन आपके समक्ष दिखेगा। अगले अध्याय में इस विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई है।

ख) एड न्यू लोकेशन (Add New Location)

मुहूर्त के लिए नये स्थान की जानकारी यहाँ पर जोडी जा सकती है। इस विषय में भी अगला अध्याय विस्तृत जानकारी देगा।

ग) भाषा (Language)

यह विकल्प आपको अपनी पसंदीदा भाषा का चयन करने देता है।

घ) एक्जिट (Exit)

यह विकल्प प्रोग्राम से बाहर आने की सुविधा देता है।

श्री मुहूर्त में मन माफिक सेटिंग करना

कुछ विशेष सेटिंग आपके चार्ट की गणना व प्रदर्शन को प्रभावित करते हैं। ये निम्न प्रकार के हैं

ऑपशन्स मीनू (Options Menu)

क) डिस्पले ऑपशन (Display Option)



ऑपशन्स मीनू के **डिस्पले ऑपशन** में आप उत्तर भारतीय व दक्षिण भारतीय चार्ट पद्धति पार-म्परिक मुहूर्त नाम सूची व समय जोन के प्रदर्शन का चयन कर सकते हैं।

ईंटाकार आकार की उत्तर भारतीय चार्ट में भावों के निर्धारित स्थान होते हैं। राशियाँ प्रत्येक भाव में नम्बर द्वारा दर्शायी जाती हैं। प्रथम भाव या लग्न - चार्ट के ऊपरी हिस्से के मध्य में रहता है। वहाँ से अन्य भाव घडी की उल्टी दिशा में क्रमवार होते हैं।

उत्तर भारतीय चार्ट

दक्षिण भारतीय चाट

दक्षिण भारतीय चार्ट चौकोर स्थानों के आकार में होते हैं। इस चार्ट में राशियों का स्थान

निर्धारित होता है। ऊपर की पंक्ति में बाएं से द्वितीय चौकोर मेष राशि का भाव होता है व उस से दाएं दिशा वाला वृष राशि का भाव होता है।अन्य राशियाँ क्रम से घडी की दिशा में होती हैं।लग्न या तो तिरछी रेखा या "As" द्वारा दर्शाया जाता है। लग्न जिस भाव में होता है वहाँ से घडी की दिशा में समस्त भाव क्रमवार होते हैं। सामान्यतः दक्षिण भारतीय शैली की चार्ट में कोई राशि या भाव संख्या प्रदर्शित नहीं होती है।

ख) फौन्ट्स ऑपशन (Fonts Option)



आप स्क्रीन पर ग्रहों के व प्रिंटिंग में अपनी पसंद का फौन्ट व उसकी साइज का चयन कर सकते हैं।

ग) कैल्क्यूलेशन ऑपशन (Calculation Option)



ऑपशन मीनू में कैल्क्यूलेशन ऑपशन आपको चयन करने की सुविधा देता है कि मुहूर्त निकालने में पारम्परिक हिंदू तथ्यों का ख्याल रखा जाना चाहिये अन्यथा नहीं। पारम्परिक हिंदू तथ्य निम्न हैं -

- अधिक मास
- क्षय मास
- अधिक तिथि

- क्षय तिथि
- श्राद्ध पक्ष
- होलाष्टक
- मल मास
- देव शयन
- अशुभ तिथियाँ
- लग्न स्वभाव (चर स्थिर व द्विस्वभावी लग्न)
- नवांश स्वभाव (चर स्थिर व द्विस्वभावी नवांश)
- जन्म राशि से सूर्य व चंद्र की अशुभ दूरी
- गुरु व शुक्र का दग्ध होना (अष्ट ग्रह)
- दग्ध नक्षत्र
- शून्य तिथियाँ
- शून्य नक्षत्र
- शून्य लग्न
- दग्ध लग्न
- शून्य राशि
- अशुभ तिथि नक्षत्र व वार योग
- अशुभ तिथियाँ
- पंचक समय
- भाद्र समय (स्वर्ग पाताल व मृत्युलोक भाद्र)
- राहू काल
- अबूझ विवाह मुहूर्त

हैल्प मीनू (Help Menu)



क) श्री मुहूर्त के बारे में (**About ShriMuhurta**)
यहाँ आपको श्री मुहूर्त के प्रयुक्त वर्जन व निर्माता संबंधी जानकारी प्राप्त होगी।
ख) हेल्प औपशन (**Help Option**) आपको सहायता पुस्तिका तक ले जाता है।

चतुर्थ अध्याय : मुहूर्त का सृजन



किसी मुहूर्त के चयन के हेतु कुछ आधारभूत आवश्यकताएँ होती हैं। किसी भी मुहूर्त को चुनने के लिए एक खास सीमा सप्ताह माह तथा साल इत्सादि होते हैं। मुहूर्त की प्रक्रिया से पूर्व ही इन सभी को निश्चित करना होता है। इन सभी का चुनाव स्क्रीन पर मुहूर्त का सृजन करने से प हले करना होता है।

उदाहरणतः हम राधेश्याम नामक व्यक्ति जिसका जन्म ४ जून १९७४ को हुआ है - के गाडी ध वाहन खरीदने के मुहूर्त को खोजना चाहते हैं। एक गाडी क्रय करने हेतु मुहूर्त जोकि १ जुलाई १९९९ से एक सितम्बर १९९९ के बीच में हो।

१ जन्म तिथि को जोडना।

जिस व्यक्ति का मुहूर्त जानना चाहते हैं उसकी सूचना जोडने के लिए **File < Add New User** का चयन करना होगा।



फिर आपको स्क्रीन पर ऐसी विन्डो दिखेगी ।



नाम : अब प्रोग्राम 'नाम' लेने के लिए तैयार है ।

लिंग : नाम के पश्चात आपको पुल्लिंग या स्त्रीलिंग में से एक का चयन करना पडेगा ।

तिथि : तिथि को डैश या तिरछी रेखा द्वारा विभाजित किया जा सकता है । स्मरण रहे कि क्रम माह/दिवस/वर्ष ही होवे ।

समय : समय को : द्वारा विभाजित किया जा सकता है । समय घंटे मिनट सैकण्ड में होने चाहिए ।
देश : यह एक "पुल डाऊन" सूची में चयन करते हैं ।

राज्य : यह भी "पुल डाऊन" सूची से चयनित होते हैं । यह सूचना उन्हीं देशों के लिये लागू है जहाँ

राज्य जानकारी उपलब्ध है ।

शहर : यहाँ आपको शहर का नाम देना है ।

<u>एटलस लुक अप</u>

जन्म संबंधी मूलभूत जानकारी के पश्चात आपको अक्षांश, रेखांश, समय क्षेत्र व समय संशोधन पर आना होगा । यह समस्त जानकारी प्रोग्राम स्वतः अपनी "एटलस लुक अप" से प्राप्त कर लेगा ।
यदि आप द्वारा दिया गया शहर व राज्य के नाम में अस्पष्टता है तो प्रोग्राम स्वयं कोशिश करेगा । तीन चीजें हो सकती हैं –

क आपसे सही राज्य देने का आग्रह किया जाएगा ।

ख आप द्वारा लिखे गये शहर के अक्षर यथा स्थान नहीं हैं । ऐसी स्थिति में एक "Similar Cities" यानि मिलते जुलते शहरों की सूची आपको दिखाई जाएगी । आप उसमें से सही श हर का चयन कर सकते हैं ।

ग यदि तीन चार शहरों का मिलता जुलता नाम है – ऐसी स्थिति में आपको सही शहर चुनना पडेगा ।



इसके पश्चात आपसे पूछा जाएगा कि क्या आप उस व्यक्ति के जन्म के आँकडे को स्थिर रूप से एक फाईल मे सम्भाल कर रखना चाहते हैं। यह उसे सुरक्षित रखने का एक अच्छा विचार है जब तक कि आपको विश्वास नहीं हो जाता कि आप इसका प्रयोग भविष्य में नहीं करेंगे। जब आप किसी व्यक्ति के जन्म के आंकडो को सुरक्षित कर लेंगे तो वह सूची (Ur charts folder) में स्वतः ही उपस्थित होंगे।



अगली बार जब आप उस व्यक्ति के लिए मुहूर्त निकालना चाहेंगे जिसके लिए आप पहले से ही एक मुहूर्त का चयन कर चुके हैं तथा उसके आंकडो को संरक्षित कर चुके हैं तो आप उस व्यक्ति का चयन सूची से कर सकते हैं। आपको उसकी जन्म तिथि के आंकडो को दुबारा नहीं डालना होगा।



२ मुहूर्त की स्थिति

यह वह स्थान है जहाँ पर मुहूर्त के द्वारा की गई क्रिया प्रस्तुत की जाती है। प्रत्येक मुहूर्त के लिए तिथि व समय अलग-अलग होते हैं। उदाहरण अगर आप एक भूमि का टुकडा हवाई में खरीदना चाहते हैं तब आपको हवाई की स्थिति का चयन करना होगा या अगर आप लास एंजिल्स में विवाह करना चाहते हैं तब आपको लास एंजिल्स की स्थिति को सुनिश्चित करना होगा।



फिर आपको स्क्रीन पर निम्न विन्डो दिखेगी ।



आप उस स्थान को भविष्य के लिए विन्डोज के प्रयोग के द्वारा सुरक्षित रख सकते हैं । जो कि आपके समक्ष प्रस्तुत होगा जैसे ही आप ओ के (OK) कर बटन दबाएंगे । आपको उसे हमेशा के लिए सुरक्षित रखने के लिए सेव (Save) का बटन दबाना होगा । अगर अगली बार आप उस मुहूर्त की स्थिति को खोजना चाहते हैं तो आपको सिर्फ उसका चयन सूची में से करना होगा ।

३ मुहूर्त चयन करना



आप सूची में से उस मुहूर्त के नाम को चुन सकते हैं जिसका मुहूर्त आप चाहते हैं। किसी भी मुहूर्त को चुनने के लिए आपको उसे एक बार चयन करना होगा। आप जो मुहूर्त चुनना चाहते हैं यदि वह प्रत्यक्ष सूची के उस हिस्से में नहीं है तो आप उस सूची को ऊपर व नीचे (स्क्रोल) कर सकते हैं। उदाहरणतः यदि आपको शादी के लिए मुहूर्त चाहिए तो फिर स्क्रोल बार जो कि सूची की दाँयी ओर है-का इस्तेमाल कीजिए।

वे अलग-अलग श्रेणियाँ जिसमें मुहुर्तों को संगठित किया गया है वे नीचे क्रमानुसार दी गई हैं :

मुहूर्त सूची

- शिशु
- व्यापार
- निर्माण
- लेन-देन
- शिक्षा
- कृषि
- गृह प्रवेश
- विवाद
- औषधि
- विभिन्न
- अधिकार
- गर्भ धारण
- खरीदना
- बेचना
- आरंभ
- उपयोग
- पहनना
- यात्रा

४ तिथि की शुरुआत

यही वह तिथि है जिसके पश्चात आप मुहूर्त देखना चाहते हैं। यह अंतिम तिथि के साथ मिल कर मुहूर्त के उस कालांश को व्यक्त करती है जिसमें मुहूर्त की आवश्यकता है। उदाहरणतः अगर आप एक मुहूर्त १ जुलाई १९९९ से १ सितम्बर १९९९ तक चाहते हैं तो आपको १ जुलाई १९९९ की प्रारम्भिक तिथि का चयन करना होगा।



५ अंतिम तिथि

यह वह तिथि है जिस अंतराल तक हमें मुहूर्त की आवश्यकता है। यह शुरु की तारीख के साथ मिल कर मुहूर्त के उस कालांश को व्यक्त करती है जिसमें मुहूर्त की आवश्यकता है। उदाहरणतः अगर आप एक मुहूर्त १ जुलाई १९९९ से १ सितम्बर १९९९ तक चाहते हैं तो आपको १ सितम्बर १९९९ को अंतिम तिथि चयन करना होगा।



६ समय व वार सम्बन्धी प्रतिरोध

यदि आप मुहूर्त ढूँढते समय किसी विशेष हफ्ते के दिन या विशेष घण्टों को निष्कासित करना चाहते हैं तो आप ऐसा कर सकते हैं। सामान्यतः सबसे अच्छे मुहूर्त के चयन हेतु सभी तिथियाँ व समय जो कि उन तिथियों के बीच है - के शुभ लाभ हेतु उन्हें जाँचना (संशोधित) करना होगा। यदि आपको पूर्ण विश्वास है कि किसी कार्य को किसी विशेष साप्ताहिक दिन को न हीं करना चाहते तो आप उसे सीमाबद्ध कर सकते हैं। उदाहरणतः हम मान लेते हैं कि

शनिवार व इतवार को हम कार नहीं खरीद सकते इसलिए हमें प्रातः ११ बजे से ६ बजे के बीच का समय हफ्ते के अन्य दिनों में चयन करना होगा ।



प्रतिरोध दो प्रकार के होते हैं :

१ वार प्रतिरोध - निष्कासित दिन

२ समय प्रतिरोध - न तो पहले / न तो बाद में

निष्कासित दिन : यदि मुहूर्त को चुनते समय किसी खास दिन की अवहेलना करनी हो तो ऐसा प्रदर्शित स्क्वैर चैक बौक्स (Square check box) का बटन दबा कर किया जा सकता है जो कि साप्ताहिक दिन के सिलेक्शन सक्रीन (SelectionScreen) पर है । उपर्युक्त उदाहरण में हम शनिवार व इतवार के चेक बक्सि को चैक करेंगे ।

इसके बाद इसके पहले

यदि मुहूर्त का कार्य कुछ घण्टों पश्चात किया जाना है तो फिर उसे तीरनुमा बटन जो कि दायीं ओर है को दबाकर किया जा सकता है । उदाहरणतः कोई भी कार्य जो कि ११:०० बजे के बाद करना है तो हमें **इसके बाद** के बाद का बटन दबाना होगा है । एक सूची जो कि ० से २ ३:०० घण्टों तक की श्रेणी को प्रदर्शित करती है प्रस्तुत होगी तब हम ११:०० को दबाना होगा तब ११:०० से पहले तक की सभी समय श्रेणियाँ निष्कासित होंगी । अगर किसी कार्य को कुछ निश्चित घण्टों के पहले करना है उदाहरणतः १८:०० (6p.m.) बजे तब ऐसे में **इसके पहले** से अगली सूची द्वारा करना होगा । सामान्यतः अगर आप उचित मुहूर्त चाहते हैं तो आपके लिए बेहतर होगा कि प्रतिरोध न अपनाएं इसलिए जब आपको पूर्ण विश्वास हो कि आपको शुक्रवार को उडान भरनी है या आप प्रातः दो बजे कार्यालय में प्रार्थना पत्र दर्ज करने में समर्थ नहीं है तब आपके लिए बेहतर होगा कि आप उन घण्टों को निष्कासित कर दें । यह आपके मुहूर्त को शीघ्रता से ढूँढने में मदद करेगा ।

७ मुहूर्त तलाश की शुरुआत



जब आप सब चयन कर चुके तब अच्छे मुहूर्त की चयन प्रक्रिया को शुरु करने के लिए **मुहूर्त खोजें** बटन को दबाये ।
इस स्क्रीन पर तीन अन्य बटन हैं जिसका वर्णन अभी तक नहीं किया गया है ।

रिफ्रेश - यह बटन दबाने से सभी व्यवस्थाएं दुबारा से पूर्व अवस्था मे हो जाती हैं । उदाहरणतः प्रचलित तारीख से एक माह के अन्तराल में यदि आपने शुरुआत की तिथि का चयन किया है और तब आप इस बटन को दबा देते हैं तो शुरुआत की तारीख पूर्ववत हो जाऐगी ।

सहायता = यह आपको सहायता पुस्तिका तक पहुंचायेगा ।

अस्वीकृत = यह आपके प्रोग्राम को बंद कर देगा ।

८ मुहूर्त की तलाश के बाद

अब आप एक विन्डो देखेंगे जो कि समय एवं तिथियों को दर्शाता है । उसके पश्चात सबसे शुभ तारीख क्रियान्वित की जाएगी जिसके द्वारा आप एक एक मिनट के आधार पर शुभ लग्न की गणना कर सकेंगे । इस वक्त तक आप कितना प्रतिशत कार्य कर चुके हैं - इसकी गणना और कितना समय लगेगा यह जाना जा सकता है । जब यह प्रक्रिया पूर्ण होगी आप उस मुहूर्त को देख सकेंगे जिसका साफ्टवेयर ने आपके लिए चयन किया है । यदि प्रोग्राम को कोई अच्छा मुहूर्त नहीं मिलता है तो वह आपसे समय सीमा बढाने को या निषेध हटाने को कहेगा ।

पांचवाँ अध्याय : मुहूर्त में खोजे गए परिणामों की झलक

गणक शुभ लाभ हेतु शुरुआत व अंत की तिथि के बीच की तिथियों व समय के हिसाब की गणना करता है ।यह पंचांग के सभी तत्वों की जाँच करता है । मुहूर्त का चयन अनेक तत्वों को ध्यान में लेते हुए किया गया है - जैसे कि तिथि, कर्ण, दोष एवं उसके निवारण के उपाय, ग्रहों का अष्टकवर्ग , तिथि,नक्षत्र,तथा हफ्ते के दिनों के आधार पर संयुक्त योग तथा मुहूर्त के चार्ट के आधार पर ग्रहों की स्थिति तथा उनका सम्बन्ध । अन्ततः उन तिथियों व दिनों की गणना के बाद लाभप्रद उचित तारीख का चयन इस आधार पर होता है ।

प्रोग्राम के द्वारा सबसे उचित तिथि और उचित समय का चयन - समय सूची के आधार पर जाँच लिया जाता है । पंचांग की तारीख तथा शुभ व अशुभ का सम्बन्ध नीचे की ओर एवं उसका मुहूर्त चार्ट तथा मुहूर्त नवांश को दाँयी ओर व्यक्त किया जा रहा है ।



तिथि सूची

यह मुहुर्तों की सूची है अर्थात यह वह सबसे उचित तारीखों की सूची है जिसमें इच्छित कार्य को किया जाना चाहिए । यह सूची मुहूर्त की उचित तारीखों एवं उनके शुभत्व को प्रदर्शित करती है ।
शुभत्व किसी भी दिन के कुछ समय का अत्यधिक लाभ होता है । प्रायः दिन के सभी क्षण सम्पूर्ण लाभ देने वाले नहीं होते हैं । कुछ समय अन्य की अपेक्षाकृत ज्यादा लाभदायक होते हैं । कम लाभ का अर्थ है सबसे न्यून लाभ जो कि दिन के दौरान निश्चित समय पर था । प्रायः हम उससे सम्बन्ध नहीं रखते हैं । यह सूची अत्यधिक लाभ का चयन करती है । सर्वोच्च तिथि सबसे अधिक लाभदायक है और जैसे जैसे आप सूची में नीचे जाते हैं लाभ कम होता जाता है । उदाहरणतः १ सितम्बर सर्वोच्च तारीख है इसलिये वह सबसे अधिक फलकारी मुहूर्त है । उदाहरणतः राधेश्याम को कार खरीदने १ सितम्बर १९९९ को जाना चाहिए । उसका शुभत्व ३७० बिन्दु है ।



समय सूची -

यह समय निश्चित तिथि / समय श्रेणी के आधार पर है । (शुरुआत व अन्त का समय) जैसे ११:०० से १३:०० या १३:११ से १४:०१ तक अर्थात इस श्रेणी के अन्तर्गत लाभ समान रहेगा । यहाँ तक कि एक समय श्रेणी में ग्रहों की परिस्थितियाँ एवं पंचांग की तिथि समान होगी । मुहूर्त किसी समय का निश्चित बिन्दु नहीं है परन्तु वह समय की वह अवधि है जिस बीच हमें कार्य करना होता है । समय श्रेणी के दाँयी ओर लाभ का स्तर (शुभत्व) व्यक्त किया गया है ।



इस सूची में हम देखते हैं कि प्रथम मुहूर्त ११:०० से १३:०० तक का है इसका लाभ २०० बिन्दु है। इसके बाद द्वितीय श्रेणी १३:११ से १४:०१ तक का है। इसका लाभ भी २०० बिन्दु है। यद्यपि इन दोनों श्रेणियों के २०० बिन्दु हैं उन्हें अलग-अलग संगठित किया गया है क्योंकि कुछ ज्योतिष प्रक्रिया जो कि इन दोनों के बीच की है , भिन्न होती है। सामान्यतः आप अपने कार्य को इनमें से किसी भी समय श्रेणी के अनुसार लाभ को जाँचने के बाद कर सकते हैं। यहाँ हम देखते हैं कि प्रथम सीमा १२० मिनटों की है और दूसरी सिर्फ ५० मिनट है। इसलिए एक कार को खरीदने के लिए राधेश्याम सामान्यतः प्रथम सीमा श्रेणी को प्राथमिकता देगा क्योंकि दोनों २०० अंक लिये हुए है। अगर आप द्वितीय समय श्रेणी के नक्षत्रों की विस्तृत जानकारी लेना चाहते हैं (उदाहरणतः१३:११ से १४:०० के बीच) तो आपको उस उपयुक्त समय श्रेणी पर क्लिक करना होगा।

चयनित तिथि



यह मुहूर्त तिथि है। यानि कि जब आप इस स्क्रीन को पहली बार देखते हैं तब जो भी तिथि चयनित है वह मुहूर्त की तिथि कहलाती है। उदाहरणतः सितम्बर १- १९९९ जो कि सूची में पहली तारीख है वह चयनित है। यह सूची शुभत्व के आधार पर अवरोही क्रम में है। इसलिए वह तिथि जो कि सबसे ऊपर प्रदर्शित की गई है वह अत्यधिक लाभकारी है। इसलिए शुरुआत में सर्वोच्च लाभ देने वाली तारीख को सबसे ऊपर चयनित किया जाता है। इसलिए इस कार्य को सितम्बर १- १९९९ जो कि सर्वश्रेष्ठ लाभकारी तिथि है को किया जाना चाहिए। दूसरी लाभकारी तिथि अगस्त २४ है। वह समय श्रेणियाँ , मुहूर्त चार्ट ,मुहूर्त नवांश, पंचांग की विस्तृत जानकारी ,लेखाचित्र इत्यादि जो कि आप देख रहे हैं , ये चयनित तिथि से सम्बन्ध रखते हैं। इसलिए यदि आप तिथि सूची की अन्य तिथियों की समय श्रेणियां देखना चाहते हैं तब आपको उस तिथि को क्लिक कर चयनित करना होगा। तब यह उस तिथि के शुभ लाभ की मिनिट दर मिनिट की गणना करेगा और कुछ ही समय में वह चयनित तिथि तथा निश्चित समय श्रेणी के अनुसार समय श्रेणी , मुहूर्त चार्ट , नवांश और पंचांग की विस्तृत जानकारी दिखला देगा।

निश्चित समय



नीली पृष्ठभूमि की समय श्रेणी मुहूर्त चार्ट की निश्चित तिथि वसमय को प्रदर्शित करती है। वह मुहूर्त नवांश जो कि प्रदर्शित होता है हमेशा समय श्रेणी में समान नहीं होता। मुहूर्त में न वांश महत्वपूर्ण होने पर ही उस समय श्रेणी में समान होता है। समयश्रेणी का आधारभूत अर्थ है कि वे पंचांग तत्व इसी समय श्रेणी से सम्बन्ध रखते हैं। मुहूर्त चार्ट जो कि दाहिनी तरफ होता है - समय श्रेणी से सम्बन्ध रखता है। यह समयश्रेणी में नहीं बदलता है। जब आप एक प्रिन्ट आउट निकालते हैं - सभी पंचांग के तत्वों से प्राप्त लाभ व हानि का सम्बन्ध जो कि इस समय श्रेणी में उपस्थित होता है- छप जाता है। यह प्रिन्ट आउट चयनित समय व तिथि से सम्बन्ध रखता है।

मुहूर्त चार्ट

मुहूर्त चार्ट दिये गये मुहूर्त समय में ग्रहों की स्थिति का विशेष प्रस्तुतीकरण है । इसमें १२



भाव., १२ राशियाँ (चिन्ह मेष से मीन) तथा ९ ग्रह (सूर्य से केतू) होते हैं। प्रत्येक भाव में एक राशि होती है। प्रत्येक ग्रह १२ भावों में से एक में स्थित होता है।प्रत्येक ग्रह भाव की स्थिति के अनुसार - उस भाव में उपस्थित राशि एवं हजारों अन्य तथ्यों के मेलजोल की वजह से हितकारी अथवा विनाशकारी होता है। सभी भाव राशियों एवं ग्रहों की अलग अलग श्रेणी हो ती है। प्रत्येक भाव जिन्दगी के अलग-अलग क्षेत्रों को प्रस्तुत करता है। एक चार्ट अन्य असंख्य समखण्ड होते हैं। इन खण्डों की कुल संख्या तथा सम्भावनायें कहीं पर कुल संख्या में सम्पूर्ण ब्रह्ममाण्ड के अणुओं के निकट होती है।

मुहूर्त नवांश



नवांश की गणना मुहूर्त चार्ट के लिये की जाती है। नवांश में १५ विभागीय चार्ट होते हैं।

पंचांग सूची के आंकडे



इसमें पंचांग के आंकडे निश्चित तिथि व समय निश्चित समय के आधार पर होते हैं। इसमें तिथि, दिन, नक्षत्र, कर्ण योग, संयुक्त योग, अष्टकवर्ग योग, नक्षत्र स्थिति एवं वह सम्बन्ध जो कि उस तिथि समय श्रेणी के आधार पर मुहूर्त चार्ट मुहूर्त नवांश में है , दोष अगर है तो दोष निदान व कारक भावों का शुभत्व , कारक ग्रह लग्न तथा लग्न स्वामी होता है।

उदाहरणतः दिए गए उदाहरण में श्रावण का महीना है जो कि मुहूर्त के लिए सम है। अर्थात वह मुहूर्त के लिए न तो लाभदायक है न ही हानिकारक। ताराबल जो कि क्षेम है - लाभदायक है।लग्न जो कि तुला है, हानिकारक है। सिद्धि व सर्वार्थ सिद्धि योग सर्वोत्तम लाभकारी है। हमेशा ही कुछ ऐसे तत्व होते हैं जो कि लाभकारी व हानिकारक होते हैं। लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि वे तत्व कितने प्रभावशाली है। यह भी दिमाग में रखना अत्यावश्यक है कि अहितकारी तत्वों की अवहेलना की जाये ।इन सभी बातों का प्रोग्राम के तहत पूर्ण ध्यान रखा गया है। इसलिए आप लाल बिन्दु को देखकर चिन्तित न हो। आपको विश्वास रहे कि यह साफ्टवेयर यह जानते हुए भी इस मुहूर्त को प्राथमिकता दे रहा है क्योंकि वह दूसरे मुहूर्त से अधिक श्रेष्ठ है।

पिक लिस्ट

पिक लिस्ट में दो तथा दो से अधिक कुण्डलियों की तुलना की सुविधा उपलब्ध है। जिस कुण्डली की तुलना की जानी है उसे पिक लिस्ट का जोडें बटन दबाकर लिस्ट में जोड दिया जाता है। जब कुण्डलियों का चयन पिक लिस्ट में हो जाता है तब कुण्डलियों बटन को दबाकर चयनित मुहूर्त कुण्डलियों को एक साथ अन्य स्क्रीन पर देखा जा सकता है।

सूची से उठाएं

यह मुहूर्त कुण्डली को चयनित समय के आधार पर पिक लिस्ट में जोडता है। अधिक से अधिक आठ मुहूर्त कुण्डलियां एक सूची में जोडी जा सकती हैं। किसी भी समय श्रेणी को

पिक लिस्ट से जोडने के लिए उसे क्लिक करना होगा तथा जोडें बटन को क्लिक करना होगा। एक से अधिक कुण्डली का चयन करने के लिए आपको इस प्रक्रिया को दोहराना होगा।

हटाएं बटन

इस बटन को क्लिक करने से पिक लिस्ट में चयनित कुण्डली को लिस्ट में से हटाया जा सकता है। यह महत्वपूर्ण है कि जब कभी भी आपने किसी समय श्रेणी को गलती से पिक लिस्ट में जोड दिया हो तो आप उसे हटाएं बटन के द्वारा हटा सकते हैं।

पीछे बटन

पीछे बटन दबाने से आप पिछली स्क्रीन पर पहुंच जाते हैं जो कि आपकी पहली स्क्रीन थी।

कुण्डलियां बटन

यह एक अन्य विन्डो पर पिक लिस्ट सूची की समस्त मुहूर्त कुण्डलियों को एक बार ही में दर्शाता है।यह आपको सभी कुण्डलियों की तुलनात्मक अध्ययन करने की सुविधा प्रदान करता है।

रेखाचित्र बटन

यह एक अन्य विन्डो पर अलग-अलग समय श्रेणियोंकी शुभ लाभदायकता को रेखाचित्र के माध्यम से दर्शाता है।

एडवांस्ड रिजल्ट्स स्क्रीन (Advanced Results Screen)

ग्राफ्स स्क्रीन (Graphs Screen)



यह स्क्रीन चयनित तिथि के सभी समय को रेखाचित्र के रुप में प्रस्तुत करता है। यहां x अक्षांश पर घण्टे तथा y. अक्षांश पर शुभत्व को प्रदर्शित किया जाता है। हरी रेखा जितनी अधिक लम्बी होगी मुहूर्त उतना ही अधिल लाभकारी होगा। जैसा कि हम पहले ही देख चुकेहैं कि पंचांग के तत्व (तिथि, नक्षत्र इत्यादि) दिन के दौरान बदल जाते हैं। अतः सभी पंचांग के तत्व जो कि उस दिन समय के आधार पर बदलते हैं उन्हें रंगीन रेखाओं के आधार पर व्यक्त किया जाता है। ये रेखाएं बदलते हुए समय परिवर्तन से मेल खाती हैं। पंचांग के तत्वों को समय परिवर्तन के आधार पर सारणी में दर्शाया गया है। लग्न को लाल रंग के द्वारा दर्शाया गया है व नक्षत्र को गहरे नीले रंग द्वारा। उदाहरणतः सातवाँ लग्न (तुला) में जो कि लाल रेखा द्वारा दर्शाया गया है १३:०१ घंटे पर समाप्त होता है तथा वहाँ से आठवें लग्न की शुरुआत होती है।स्क्रीन के नीचे की ओर बाँयी तरफ लग्नों का समाप्ति काल देख सकतेहैं।

इस तरह तुला राशि का लग्न १३:०१ पर समाप्त होता है। इसी तरह से हरी रेखा द्वारा कर्ण दर्शाया गया है जो कि ८:०० से ९:०० घण्टों के बीच समाप्त होता है। पंचांग शीर्षक के अन्तर्गत स्क्रीन के नीचे द्वितीय नक्षत्र भरणी को देख सकते हैं जिसका अन्त ८:२५ घण्टों पर होता है। इन पंचांग तत्वों को दर्शाते समय केवल उन्हें ही लिया जाता है जो कि उस सम य अन्तराल के अन्तर्गत होते हैं जिसका चयन हमने आरम्भ में किया था जैसा कि हमारे उदाह रण में ११:०० से १८:०० घण्टों के बीच होता है। सूर्योदय व सूर्यास्त की भी रंगीन रेखाओं के द्वारा रेखांकित किया गया है।

सामान्यतः सबसे लम्बी हरी रेखा को ढूँढने के साथ-साथ यह भी सलाह देने योग्य बात है कि रेखा की चौडाई को भी देखा जाये। क्योंकि वह जितनी चौडी होगी उतना ही लम्बा मुहूर्त का समय होगा। यदि आप मुहूर्त का वह कार्य करना चाहते हैं जो बहुत सी गतिविधियों से संबंधित है और एक छोटे से समय के अन्तराल में सभी गतिविधियों को क्रियान्वित नहीं किया जा सकता।

उदाहरणतः यदि ५ मिनट की समय श्रेणी को ९० शुभत्व अंक मिले हैं तथा दूसरी समय श्रेणी जो कि ६० मिनट की है उसको ८० शुभत्व अंक मिले हैं तब आप बाद वाले को चुनना पसन्द करेंगे। यदि आप कार खरीदने जा रहे हैं तो यह एक विशेष गतिविधियों के क्रम से सम्बन्ध रखती है। दूसरी तरफ यदि आपको हार खरीदने का मुहूर्त निकालना है तब आप शायद पहली वाली श्रेणी का चयन करेंगे क्योंकि स्वर्णहार पहनने में ज्यादा समय नहीं लगेगा।

